# महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्,गोरखपुर

## संस्थापक–समारोह 2025

(4 दिसम्बर से 10 दिसम्बर)

मो. : 9140775309
9807715902
9451851216

प्रतियोगिता परिणाम एवं अन्य जानकारी के लिए देखें website – www.mpspgkp.in

**मुख्य संरक्षक : गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज, माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश**


दिनांक : 06.12.2025

## प्रकाशनार्थ

गोरखपुर 6 दिसंबर, 2025। **महंत दिग्विजनाथ राज्य स्तरीय वास्केटबॉल एवं महंत अवेद्यनाथ राज्यस्तरीय वालीबॉल प्राइजमनी प्रतियोगिता** का उद्घाटन महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज के क्रीड़ांगन पर संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन के रूप में **मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी एवं कोच भारतीय कुश्ती टीम श्री चंद्र विजय सिंह** तथा **अध्यक्षता महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष, श्री राजेश मोहन सरकार** ने किया।

खेल स्वस्थ मनुष्य के निर्माण हेतु अनिवार्य है। खेल भावना सामाजिक समरसता को स्थापित करने का एक मार्ग भी है। आज के समाज में पढ़ाई लिखाई के साथ ही खेल भी सफलता के मार्ग को प्रशस्त कर रहा है। केन्द्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश राज्य सरकार खेल को बढ़ावा देने हेतु विविध प्रकार की प्रतियोगिताओं को आयोजित कर रही है। आज के समय खेल में तकनीकी ज्ञान का भी अहम रोल है खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन को बढ़ाने हेतु किसी भी तरह के दवा आदि से बचना चाहिए ताकि डोपिंग की समस्या से बचा जा सके और खेल, खेल भावना से सम्पन्न हो सके उक्त बातें उद्घाटन समारोह के **मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी एवं कोच भारतीय कुश्ती टीम श्री चंद्र विजय सिंह** ने कही।

खेल में हार–जीत का महत्व नही होता है बल्कि प्रतिभागिता महत्वपूर्ण होती है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने दिनचर्या में 01 घंटे अपने पसन्द के किसी न किसी खेल में देना चाहिए जिससे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहा जा सके। उक्त बातें कार्यक्रम की **अध्यक्षता कर रहे महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष, श्री राजेश मोहन सरकार ने कही।** शिक्षण संस्थाओं में शैक्षणिक कार्य के साथ क्रीड़ा की कक्षा भी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। जिससे कि विद्यार्थियों को प्रत्येक खेल की सैद्धान्तिक जानकारी भी रह सके। उक्त बातें **महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सदस्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि** ने कही। **उद्घाटन समारोह** में अतिथियों का **स्वागत उद्बोधन** दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज गोरखपुर के सहायक आचार्य व संचालन समिति के सदस्य डॉ. नितीश शुक्ला ने किया। **आभार ज्ञापन** महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज प्रताप के **क्रीड़ाध्यक्ष श्री अभय प्रताप सिंह** ने किया। **कार्यक्रम का संचालन मेजर श्री भगवान सिंह** ने किया।

वालीबॉल के उद्घाटन मैच में **प्रयागराज हॉस्टल** ने काशी विद्यापीठ वाराणसी को 2 सेट से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। वॉलीबॉल में देवरिया हॉस्टल ने देव अकैडमी को तथा महाराणा प्रताप एकेडमी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। **बास्केटबॉल के उद्घाटन मैच** में गोरखपुर ने लखनऊ को 53–49 अंकों के साथ पराजित कर अगले चक्र में तथा गोरखपुर हॉस्टल ने कानपुर को 36–14 से महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद में अयोध्या को 46–38 से आगरा ने बस्ती को 45–22 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। उक्त जानकारी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह संचालन समिति के सदस्य डॉ. नितीश शुक्ल द्वारा दी गई।

**संस्थापक–सप्ताह समारोह में आज**

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक–सप्ताह समारोह में 7 दिसम्बर को **महंत दिग्विजनाथ राज्य स्तरीय वास्केटबॉल एवं महंत अवेद्यनाथ राज्यस्तरीय वालीबॉल प्राइजमनी प्रतियोगिता** के अन्य शेष टीमों के मैच प्रातः 10 बजे से **महाराणा प्रताप इण्टर कालेज सिविल लाइन्स,गोरखपुर के प्रांगण में सम्पन्न होगा।**

डॉ.(नितीश शुक्ला)
सदस्य–संचालन समिति
महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्
गोरखपुर